HINA SUBJECT : HINDI - A

अवलोकन एवं उद्देश्य

पश्चिम बंगाल उच्च माध्यमिक शिक्षा परिषद् की पाठ्य-चर्या 2024 के हिंदी भाषा व साहित्य 'अ' पर विचार एवं पुनर्संयोजन कार्य करते हुए हमारी टीम का ध्यान उस विद्यार्थी की ओर गया जिसने दस वर्ष की विद्यालयीन शिक्षा के एक पड़ाव को पार कर लिया है और अब आगत भविष्य की उड़ान भरने के लिए अपने पंखों को सँवारने लगा है लेकिन अभी पंखों में मजबूती नहीं आई है । अतः उसकी उम्र, वर्तमान परिस्थितियाँ, उसकी बौद्धिक क्षमता, आगे बढ़ने की संभावनाएँ और खुद को अभिव्यक्त करने का मार्ग उनके लिए प्रशस्त करना है । यह हमारा नैतिक कर्त्तव्य है कि पश्चिम बंगाल उच्च माध्यमिक शिक्षा परिषद ने जो उत्तरदायित्व हमारे कंधों पर डाला है उसको पूरा वहन कर सके । इस भावना के साथ हमारी टीम ने निम्नांकित बिंदुओं को ध्यान में रखने का प्रयास किया है -

उद्देश्य :

* विगत दिनों में हुई कोविड महामारी के कारण शिक्षा के स्तर में जो गिरावट आई है, उसको वापस विकास के मार्ग पर अग्रसर करना ।
* राष्ट्रीय शिक्षा नीति, 2020 के अनुसार बिना अतिरिक्त बोझ बढ़ाए विद्यार्थी को रचनात्मक अनुभव अधिगम प्रदान करना ।
* देश के अन्य राज्यों, यहाँ तक कि राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद् की नीतियों का अध्ययन करते हुए पश्चिम बंगाल के पाठ्यक्रम (हिंदी) को उनके समकक्ष बनाना ।
* विद्यार्थियों के अधिगम कौशल को आगामी आने वाले प्रतियोगी परीक्षाओं के अनुकूल बनाना ।
* साहित्य और समाज के अन्योन्याश्रित संबंध को विद्यार्थी के लिए बोधगम्य बनाना ।
* साहित्य पठन का सबसे महनीय उद्देश्य 'मानवीयता का अर्जन', विद्यार्थी के अंतर्मन में विकसित हो सके, ऐसे साहित्य को पाठ्यक्रम में शामिल करना ।
* आज के हिंदी साहित्य अपने पैर पसारते हुए नयी-नयी विधाओं को अपने अंदर समेटता जा रहा है । पर्यावरण, विज्ञान, कला, पत्रकारिता, फिल्म आदि उनमें शामिल हैं । हमारी चेष्टा है कि इन सभी से आज के विद्यार्थी का परिचय करा सकें ।

  अंत में इस बात को स्पष्ट कर देना अति आवश्यक है कि पिछले पाठ्यक्रम में हिंदी विषय में सिर्फ आधार पुस्तक (Text Book) ही रह गई थी जबकि इसके पूर्व आधार के साथ एक पूरक पुस्तक (Rapid Reader) हुआ करती थी । हमारी टीम ने देश के अन्य राज्यों तथा राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद् (NCERT) ने अध्ययन में पाया कि इन सभी में पूरक पुस्तक अभी भी पाठ्यक्रम में शामिल हैं, अतः हमने उसे पुनः पाठ्यक्रम में शामिल करना उचित समझते हुए उसे पाठ्यक्रम का अंग बनाया है ।

CLASS - XI

SUBJECT : HINDI - A (HINA)

SEMESTER - I

FULL MARKS: 40 **CONTACT HOURS: 100 Hours**

COURSE CODE: THEORY

UNIT NO.	TOPICS	CONTACT HOURS	MARKS
Unit-I साहित्य क काव्य	अमीर खुसरो – पहेलिया सूरदास – सूर के पद बिहारी – बिहारी के दोहे भारतेंदु – मुकरियां	24	1 × 10 = 10
Unit-I साहित्य ख गद्य	डॉ० ए० पी० जे० अब्दुल कलाम – विज्ञान में जीवन प्रसाद – दासी सत्यजीत राय – सहपाठी	21	1 × 10 = 10
Unit-II उपन्यास (पूरक पाठ)	मुंशी प्रेमचंद – गबन (अध्याय 1 से 26 तक) अथवा रणेन्द्र–ग्लोबल गाँव के देवता (आरंभ से पृष्ठ 50 तक)	20	1 × 5 = 5
Unit-III अपठित बोध	काव्य अथवा गद्य	10	1 × 5 = 5
Unit-IV व्याकरण	लिंग, वचन, उपसर्ग, प्रत्यय, मुहावरे, कारक, अशुद्धि संशोधन	21	1 × 5 = 5
Unit-V पारिभाषिक शब्द	50 शब्द	4	1 × 5 = 5
	Total	100	40

CLASS - XI

SUBJECT : HINDI - A (HINA)

SEMESTER - II

FULL MARKS: 40 **CONTACT HOURS: 80 HOURS**

COURSE CODE: THEORY

UNIT NO.	TOPICS	CONTACT HOURS	MARKS
Unit-I साहित्य क काव्य	मैथिलीशरण गुप्त – सखी वे मुझसे कहकर जाते सूर्यकांत त्रिपाठी निराला – राजे ने अपनी रखवाली की केदारनाथ अग्रवाल – बसंती हवा हूँ दुष्यंत कुमार त्यागी – कहाँ तो तय था	24	2 × 4 = 8 3 × 2 = 6 5 × 2 = 10 24
Unit-I साहित्य ख गद्य	हजारी प्रसाद द्विवेदी – कुटज भीष्म साहनी – भाग्य रेखा हरिशंकर परसाई – भेड़ और भेड़िए	21	
Unit-II उपन्यास	मुंशी प्रेमचंद – गबन (अध्याय 27 से अंत तक) अथवा रणेन्द्र–ग्लोबल गाँव के देवता (पृष्ठ संख्या 51 से अंत तक)	20	1 × 5 = 5 3 × 2 = 6 11
Unit-III रचना	पत्र लेखन अनुच्छेद लेखन अंग्रेजी से हिंदी अनुवाद	15	1 × 5 = 5
	Total	80	40

COURSE CODE

HINA

PROJECT

CLASS-XI (SEMESTER II)

FULLM MARKS :20 (PROJECT REPORT – MAXIMUM PAGES 20 TO 25)

विद्यार्थी अपनी इच्छानुसार निम्नांकित विषयों में से एक परियोजन द्वितीय सेमेस्टर में प्रस्तुत करें :

क) किसी कहानी / लोक कथा /प्रसंग का नाट्य रूपांतरण अथवा रेडियो नाट्य रूपांतरण की हस्तलिखित प्रस्तुति ।

ख) किसी एक तात्कालिक समस्या जैसे :

अ)जनसंख्या विस्फोट :देश की विकराल समस्या ।

ब) भूमंडलीय ऊष्मीकरण (ग्लोबल वार्मिंग) ।

स)महासागरों का बढ़ता जलस्तर :खतरों की दस्तक का विस्तृत विवरण (कारण -निवारण सहित) ।

ग)हिंदी की उपभाषाएँ एवं उसकी बोलियाँ (विस्तृत लेखन) ।

घ)डायरी और हम -डायरी लिखने की शैली , उद्देश्य ,किसी विज्ञ व्यक्ति की डायरी के कुछ अंश और अपनी दस दिन की दिनचर्या को डायरी में अंकित करें ।

ङ) मेरे प्रिय साहित्यकार :व्यक्तित्व एवं कृतित्व (विस्तृत लेखन) ।

CLASS - XII

SUBJECT : HINDI - A (HINA)

SEMESTER - III

FULL MARKS: 40 **CONTACT HOURS: 100 Hours**

COURSE CODE: THEORY

UNIT NO.	TOPICS	CONTACT HOURS	MARKS
Unit-I साहित्य क काव्य	संत कबीरदास – (अ) साखी (आ) पद तुलसीदास – (अ) दोहावली (आ) केवट प्रसंग – रामचरितमानस रवींद्रनाथ ठाकुर – शरत् सुंदरसी (गीतांजलि) महादेवी वर्मा – मैं नीर भरी दुःख की बदली नागार्जुन – गुलाबी चूड़ियाँ	30	1 × 10 = 10
Unit-I साहित्य ख गद्य	गजानन माधव मुक्तिबोध – एक लंबी कविता का अंत शेखर जोशी – कोशी का घटवार कृष्णा सोबती – सिक्का बदल गया	24	1 × 10 = 10
Unit-II नाटक (पूरक पाठ)	धर्मवीर भारती – अंधा युग (प्रथम और द्वितीय अंक)	20	1 × 5 = 5
Unit-III अपठित बोध	काव्य अथवा गद्य	6	1 × 5 = 5
Unit-IV व्याकरण	संधि, समास, वाक्य संशोधन, वाक्य परिवर्तन, मुहावरे	15	1 × 5 = 5
Unit-V पारिभाषिक शब्द	50 शब्द	5	1 × 5 = 5
	Total	100	40

CLASS - XII

SUBJECT : HINDI - A (HINA)

SEMESTER - IV

FULL MARKS: 40 **CONTACT HOURS: 80 Hours**

COURSE CODE: THEORY

UNIT NO.	TOPICS	CONTACT HOURS	MARKS
Unit-I साहित्य काव्य	अज्ञेय – (a) सवेरे उठा तो धूप खिली थी (b) सांप धूमिल – (a) रोटी और संसद (b) धूमिल की अंतिम कविता हरिवंशराय बच्चन – अंधेरे का दीपक गिरिजा कुमार माथुर – नींव रखने वालों का गीत अरुण कमल – उम्मीद	25	2 × 4 = 8 3 × 2 = 6 5 × 2 = 10 24
Unit-I साहित्य गद्य	कुमार गंधर्व – भारतीय गायिकाओं में बेजोड़ लता मंगेशकर निर्मल वर्मा – चीड़ों पर चाँदनी कमलेश्वर – राजा निरवंसिया	24	
Unit-II नाटक (पूरक पाठ)	धर्मवीर भारती – अंधा युग (तृतीय, चतुर्थ एवं पंचम अंक)	20	1 × 5 = 5 3 × 2 = 6 11
Unit-III रचना	पत्र लेखन प्रतिवेदन भाव पल्लवन	11	1 × 5 = 5
	Total	80	40

COURSE CODE

HINA

PROJECT

CLASS- XII (SEMESTER - IV)

FULL MARKS :20

PROJEECT REPORT MAXIMUM IN 20 -25 PAGES)

विद्यार्थी अपनी इच्छानुसार निम्नांकित विषयों में से एक परियोजन द्वितीय सेमेस्टर में प्रस्तुत करें :

क) जनसंचार माधयम और हिंदी

(समाचार पत्र ,दूरदर्शन , चलचित्र , इंटरनेट , पत्रकारिता की विस्तृत जानकारी)

ख) साक्षात्कार लेखन

(किसी क्षेत्र विशेष जैसे -संगीत ,नृत्य ,शिक्षा खेल , अभिनय आदि से जुड़े व्यक्ति से साक्षात्कार करने के लिए प्रश्न -सूचि तैयार करना और अपने पसंदीदा किसी व्यक्ति का साक्षात्कार प्रस्तुत करना होगा)

ग) भक्तिकाल :एक स्वर्णिम युग

(विषय पर विस्तृत लेखन)

घ) सफल व्यक्तित्व का आधार : आत्मविश्वास

(विषय पर विस्तृत लेख)

ङ)हिंदी की किसी कहानी अथवा कविता का तुलनात्मक अध्ययन या उसकी संवेदना पर विचार।